अभ्यास

**1.पाठ से**

इस पत्र के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो –

(क) इस पत्र का लेखक किस शहर/देश की यात्रा पर गया था?

**उत्तर**

इस पत्र का लेखक यूगोस्लाविया के नेविसाद शहर की यात्रा पर गया था।

(ख) उस देश में कौन-कौन से खेल-खेले जाते हैं? वहाँ कौन-सा खेल सबसे अधिक लोकप्रिय है?

**उत्तर**

यहाँ के लोग फुटबाल बहुत खेलते हैं। टेबल टेनिस और स्केटिंग भी उन्हें बहुत पसंद हैं।

(ग) उस देश के कुछ खाद्य पदार्थों के नाम बताओ।

**उत्तर**

उस देश के कुछ खाद्य पदार्थ– योगर्ट, सूप, सफ़ेद सेम, आइसक्रीम, चावल, स्ट्यू, चिल्ले जैसी मिठाई जिसमें खट्टी बेरी का गूदा भरा हुआ होता है, सेवइयाँ उबली सूप में, ब्रेड बटर मार्मलेट आदि हैं।

(घ) लेखक ने यह क्यों कहा कि "अच्छे से रहना ताकि माँ को तकलीफ़ न हो?"

**उत्तर**

यह लेखक ने इसलिए लिखा है क्योंकि वह शहर से बाहर था और माँ अपने बच्चों के साथ अकेली थी। अगर बच्चे तंग करेंगे तो माँ को तकलीफ़ होगी।

**2. पाठ से आगे**

(क) भारतीय खाने की कुछ चीज़ें जैसे-चावल, सेवइयाँ, मिठाइयाँ यूरोप में अलग ढंग से खाई जाती हैं। क्या भारत में ये चीज़ें अलग-अलग ढंग/तरीकों से बनाई और खाई जाती हैं? पता करो और बताओ।

(ख) दूना नदी यूरोप के कई देशों में बहती है। भारत में भी अनेक ऐसी नदियाँ हैं जो कई राज्यों के बीच बहती हैं। ऐसी कुछ नदियों के नाम लिखो। यह भी पता करो कि वे कौन-कौन से राज्यों में से होकर बहती हैं।

| नदी का नाम | राज्यों के नाम |
| --- | --- |
| ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ |

**उत्तर**

(क) हर स्थान पर खाने की चीज़ों को अलग-अलग तरह से बनाया जाता है। जैसे कई स्थानों पर चावलों को उबाल कर, बिरयानी बनाकर, मीठे चावल बनाकर खाया जाता है, तो कहीं इडली या डोसा बनाकर बनाकर भी खाया जाता है। सेवइयाँ दूध में डालकर, नमकीन बनाकर, मीठी बनाकर  या फलूदा आदि  के रूप में खाई जाती हैं। इसी तरह मिठाइयाँ भी अलग-अलग तरह से बनाई जाती हैं।

(ख) भारत में गंगा आरंभ में उत्तराचंल से होते हुए फिर अनेकों राज्यों से बहती हुई बंगाल के कलकत्ता शहर के पास महासागर में मिल जाती है। यमुना नदी दिल्ली, मथुरा, इलाहबाद, कृष्णा नदी दक्षिण भारत, कावेरी नदी दक्षिण भारत, चेन्नई में समाप्त होती है। नर्मदा नदी नासिक (महाराष्ट्र) में बहती है।

| नदी का नाम | राज्यों के नाम |
| --- | --- |
| **गंगा** | हरिद्वार, गाजियाबाद, पटना, बिहार, बंगाल |
| **यमुना** | दिल्ली, उत्तर प्रदेश |
| **नर्मदा** | महाराष्ट्र |
| **कावेरी** | दक्षिण भारत |